हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

04 कितनी प्यारी खाकी वर्दी, देशभक्ति और जनसेवा ...



07 महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर चलनी से किया ...





# सदा सुहागन की कामना के साथ महिलाओं ने रखा पूरे दिन निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पति के प्रति प्यार, समर्पण व संस्कृति का पर्व करवाचौथ को जिले भर में पारम्परिक पूजन अर्चन के साथ धूमधाम से मनाएं जाने की तैयारियां रविवार को दिनभर चलती रही। दीवाली से ठीक बारह दिन पूर्व पढने वाले भारतीय संस्कृति के प्रमुख त्योहार करवाचौथ की धूम रही। सुहागिनों से पति की लंबी उम्र की कामना के लिए दिन भर निर्जला उपवास रखा। शाम को हाथों में मेंहदी के साथ ही सोलह श्रंगार करके शादी का जोड़ा पहना। इसके बाद सास व देवरानी, जेठानी, ननद आदि परिवार की





सुहागिन महिलाओं के साथ शिव पार्वती समेत देव स्वरूपों की पूजा अर्चना कर सदा सुहागन की कामना की। चलनी से चांद के दर्शन कर पति की आरती उतार कर उनके हाथों से जल पीकर व प्रसाद ग्रहण कर व्रत खोला।

इधर अभ्युदय क्लब द्वारा करवा चौथ का त्यौहार मनाया गुना में एक स्थानीय होटल में अभयोदय क्लब द्वारा करवा चौथ का त्यौहार बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें क्लब के अध्यक्ष रैना सचिव शुभिका विजय वर्गीय एवं ट्रेजर प्रांजल जैन वह सभी मेंबर्स ने बहुत हर्षोल्लास के साथ इस त्यौहार को मनाया।

## समाचार संक्षेप

### कालिदास समारोह संभाग स्तर में गुना का रहा प्रथम स्थान



**गुना।** संभाग स्तरीय कालिदास समारोह में गुना जिले की टीम ने प्रतिनिधित्व करते हुए जिले का नाम रोशन किया तथा अधिकांश विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। जिले की टीम ने संस्कृत नृत्य नाटिका में प्रथम स्थान, सीनियर वर्ग संस्कृत काव्य पाठ में प्रथम स्थान, जूनियर वर्ग चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही जूनियर वर्ग श्लोक गायन में तृतीय तथा सीनियर वर्ग चित्रकला में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिले की टीम में शासकीय सीएम राइज मॉडल स्कूल गुना के बच्चों ने संस्कृत नृत्य नाटिका श्लोक गायन, चित्रकला में प्रतिभागिता की। वहीं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट तथा आचार्य वाचस्पति विद्या मंदिर आवन ने क्रमशःकानिष्ठ वर्ग में चित्रकला तथा श्लोक गायन में प्रतिभागिता की। सीएम राइज गुना की प्रस्तुति को संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों द्वारा महाकवि कालिदास के अभिज्ञान शाकुन्तलम पर आधारित नृत्य नाटिका के मंचन की प्रशंसा की गई इसका निर्देशन सीएम राइज गुना की संस्कृत शिक्षिका श्रीमती प्रियंका आमेटा तथा संगीत शिक्षक दिनेश उपाध्याय द्वारा किया गया। राज्य स्तर पर अब यही नाटिका 5, 6 नवंबर को उज्जैन में होने वाले राज्य कालिदास समारोह में संभाग के प्रतिनिधित्व के लिए प्रस्तुत की जाएगी।

### आकाशवाणी के गुना केंद्र से 'गुना जिले की चिट्ठी' का प्रसारण आज

**गुना।** आकाशवाणी के गुना केंद्र से 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे 'गुना जिले की चिट्ठी' का प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी जिला संवाददाता रोहित गोस्वामी ने बताया कि आकाशवाणी के भोपाल केन्द्र से प्रतिदिन विभिन्न जिले की चिट्ठी का प्रसारण किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को आकाशवाणी के गुना केंद्र से (एम०एम०बेण्ड 102.3 मेगाहट्र्ज पर) प्रातः 10 बजे ''गुना जिले की चिट्ठी'' का प्रसारण किया जायेगा। 5 मिनट की अवधि के उक्त प्रसारण में जिले में हुए महत्वपूर्ण कार्यक्रमों सहित अन्य आवश्यक जानकारियों का समावेश किया गया है।

### बाइक के हैंडल पर लटका 4 लाख 70 हजार रुपयों से भरा झोला ले भागा बदमाश

**शमशाबाद।** शनिवार को एक व्यक्ति का 4 लाख 70 हजार रुपए से भरा झोला कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। शमशाबाद के झगरी गांव निवासी किसान बबलू यादव पिता बुंदेल सिंह यादव ने 18 अक्टूबर को एसबीआई बैंक शमशाबाद में गोल्ड लोन लेने के लिए बैंक में सोना रखा था, लेकिन उस दिन उसे भुगतान नहीं मिला सका। अगले दिन शनिवार को वह अपनी मां धप्पाबाई को साथ लेकर शमशाबाद आया। मां की तबियत खराब होने पर पहले मां को इलाज के लिए डॉक्टर अजीज खां की क्लीनिक पर छोड़ा। इसके बाद बबलू यादव बाइक लेकर एसीबीआई बैंक शमशाबाद पहुंचा। बैंक से गोल्ड लोन के 4 लाख 70 हजार रुपए नगदी निकलवाए और पैसे व बैंक की पासबुक दोनों एक झोले में रखकर बाइक से मां को लेने वापस डॉक्टर की क्लीनिक पर पहुंचा। दोपहर एक बजे पैसों से भरा झोला क्लीनिक के सामने खड़ी बाइक के हैंडल पर लटकाकर शर्ट पर लगे दाग साफ करने बबलू किराने की दुकान से कागज लेने गया। पीछे मुड़कर शर्ट में लगा दाग साफ करने के दौरान उसका ध्यान बाइक से हट गया। इतने में किसी ने बाइक के हैंडल पर लटका पैसों से भरा झोला चोरी कर लिया। बबलू यादव ने भगवानपुर रोड पर यहां वहां जांच पड़ताल की लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। इसके बाद उसने थाने पहुंचे रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## नगर में किया सरकारी स्कूल बचाओ सम्मेलन

# सरकारी स्कूल बंद हुए तो निजी स्कूलों की संख्या व उनकी मनमानी बढ़ेगी : प्रो. नश्कर

**गांव-शहर में चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान**

**मुरारी शर्मा बने कमेटी के अध्यक्ष, मोहर सिंह लोधी को सचिव की जिम्मेदारी**






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सीएम राइज, क्लोजर-मर्जर और एकीकृत शाला के नाम पर मध्य प्रदेश में 94 हजार स्कूल बंद किए जा रहे हैं। सरकारी स्कूल बंद हुए तो निजी स्कूलों की संख्या और उनकी मनमानी बढ़ेगी। इससे शिक्षा का निजीकरण और व्यापारीकरण बढ़ेगा।

यह सब नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का हिस्सा है। यह बात ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. तरूण कांति नश्कर ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नजदीक का सरकारी स्कूल सबसे महत्वपूर्ण होता है। पास के स्कूल में अभिभावक अपने बच्चे और बच्चियों को भेजने में नहीं कतराते, लेकिन सीएम राइज स्कूल में 5 से 15 किमी के स्कूलों को शामिल कर उनको बंद कर दिया जाएगा, इसके बाद माता-पिता भी अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। वर्तमान में जो परिवेष है, उसमें बालिकाओं की सुरक्षा संकट में पड़ जाएगी और पालक बालिकाओं को स्कूल नहीं भेजेंगे। इसलिए सरकारी स्कूल बचाना बेहद जरूरी है। बैंक यूनियन लीडर एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष मुरारी शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूल रहने से गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे अभी आसानी से शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं। इनको बंद कर दिया जाएगा तो प्रदेश में करोड़ों बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। सरकारी स्कूल बचाने के लिए हम गांव और शहर में लोगों को संगइति करने हर स्कूल की संघर्ष कमेटी बनाएंगे और हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता डा. पुष्पराग शर्मा ने कहा कि गुना में यूनिवर्सिटी खोलने के नाम पर पीजी कॉलेज बंद करने की साजिश की गई, इसके पहले क्रमांक 01 और क्रमांक 02 नाम के स्कूलों को बंद करने की साजिष की गई और अब सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। हमने लड़कर यूनिवर्सिटी खुलवाई है। हम स्कूल भी बंद नहीं होंने देंगे।

सेव एजुकेशन कमेटी के प्रदेश सचिव सचिन जैन ने कहा कि एक स्कूल खुलता है तो एक जेल बंद होती है। शिक्षा का महत्व बड़ा है। स्कूलों को लेकर हमें लोगों को संगठित करना होगा। इसके पहले प्रस्ताव का वाचन सुनील सेन किया। कार्यक्रम में डॉ. रामअवतार शर्मा, सादिक खान, महेश बैरागी, विनोद सेन, सुनील परिहार, शशि समर ने बात रखी। संचालन मोहर सिंह लोधी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वकील, छात्र, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे। कमेटी का गठन, अध्यक्ष बने शर्मास्कूल बचाने के लिए सम्मेलन में सरकारी स्कूल बचाओ संघर्ष कमेटी का गठन किया। कमेटी में एक संरक्षक मंडल बनाया, जिसमें प्रो. श्याम मोहन मिश्र, एसके राजौरिया, एडवोकेट रामपाल सिंह परमार और लोकेश शर्मा शामिल हैं। कमेटी के अध्यक्ष मुरारी शर्मा को बनाया, उपाध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी, अख्तर खान, आलोक नायक, शाकिर हुसैन, नीलम कुलश्रेष्ठ, सचिव एडवोकेट मोहर सिंह लोधी, सह सचिव एडवोकेट महेश बैरागी, शोभना श्रीवास्तव, सुनील सेन, विनोद सेन, एडवोकेट नीरज शर्मा, राजकुमार प्रजापति, एडवोकेट सादिक खान, देवेंद्र सेन, शशि समर और कोषाध्यक्ष सपना किरार को बनाया।

## पंडित लखन शास्त्री ने कहा मैंने कोई कॉलोनी नहीं काटी, मुझ पर एफआईआर का आदेश गलत, मीडिया से रूबरू होकर रखा अपना पक्ष, बताए दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भागवताचार्य पंडित लखन शास्त्री ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके उनके ऊपर प्रशासन द्वारा एफआईआर करने के आदेश को गलत बताया है। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मेरे ऊपर अवैध कॉलोनी काटने का आरोप लगाते हुए एफआईआर करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि मैंने कभी कोई कॉलोनी और इस प्रकार का व्यवसाय नहीं किया है। मैं एक राष्ट्रीय कथाकार धार्मिक समाजसेवी व्यक्ति हूं। मैंने संस्कृत पाठशाला एवं गौशाला निर्माण हेतु गुना नगर पालिका अंतर्गत हरिपुर रोड वार्ड नंबर 8 में एक भूमि कृय की थी। मैंने उक्त भूमि में किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य या अन्य कॉलोनी से संबंधित कार्य नहीं किया न ही मेरी मनसा इस प्रकार के कार्य करने की थी। भूमि क्रय करने के कुछ समय बाद ही प्रशासन के द्वारा मुझे नोटिस भेजे जाने लगे



मैं उन नोटिसों का जवाब समय पर देता रहा। नोटिस के जवाब में भी मैंने प्रशासन को निवेदन किया कि यदि मैंने कोई भी निर्माण कार्य किया है तो उसको नष्ट कर दिया जाए। मैं अधिकांश समय धार्मिक आयोजन कथा अनुष्ठान के चलते बाहर रहता हूं। प्रशासन के बार-बार नोटिस भेजे जाने के कारण में मानसिक तनाव में आ गया और उक्त भूमि को मैंने तीन लोगों को विक्रय कर दिया विक्रय करने के बाद भी मुझे नोटिस आते रहे और मैं जवाब देता रहा। लेकिन आश्चर्य की बात है कि जिस भूमि को मैं डेढ़ और 2 वर्ष पहले विक्रय कर चुका उसी को लेकर मेरे ऊपर अवैध कॉलोनी के आरोप लगाए गए हैं। जबकि मैंने उक्त भूमि पर कोई भी कॉलोनी का निर्माण नहीं किया। मेरा प्रशासन एवं जिले के मुखिया से निवेदन है कृपया इस प्रकरण को एक बार पुनः अवलोकन कर वास्तविक स्थिति से अवगत हों। मेरी पहचान संपूर्ण देश में कथा अनुष्ठान धार्मिक कार्यों और समाज सेवा के रूप में है। इस प्रकार के प्रचार प्रसार से मेरी छवि को बहुत ही हानि हुई है मेरे प्रति लोगों की दृष्टि परिवर्तित हुई है इससे में बहुत ही मानसिक परेशानी में हूं। मुझे परिस्थितिवश न्यायालय की शरण लेनी पड़ेगी।

# गुजरात के अहमदाबाद से मिले दो नाबालिग बच्चे

**बजरंगगढ़ थाना से लापता हुए थे बच्चे**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों संबंधी अपराधों को संवेदनता से लेकर इस प्रकार के मामलों में त्वरित कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में सीएसपी गुना श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में जिले के बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आकाश आर्य एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से अपह्त एक नाबालिग बालिका को राजस्थान के बांरा जिले से दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15 अक्टूबर 2024 की शाम को जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के 11 साल एवं 8 साल के दो बच्चे घर से फ्रेस होने जाने का बोलकर निकले थे और जो देर रात तक घर बापस नहीं लौटे तो परिजनों द्वारा उनके गुम होने संबंधी बजरंगगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर से अलग-अलग दो अपराध अप.क्र. 167/24 धारा 137(2) बीएनएस एवं अप.क्र. 168/24 धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज कर विवेचना में लिये गये। एक साथ दो नाबालिग बच्चों के गायब होने के मामले को पुलिस द्वारा गंभीरता से लेकर बच्चों की तलाश शुरू की गई। चूंकि दोनों बालक बहुत ही कम उम्र के थे और जो घर से फ्रेश होने जाने का बोलकर निकले थे। इस दशा में संदेह के आधार पर आसपास के कुएं, तालाब आदि में SDRF टीम के साथ तलाश की गई। इस बीच मालूम हुआ कि दोनों बच्चे गुजरात वाली ट्रेन में बैठकर अहमदाबाद पहुंचने वाले हैं तो तत्काल जीआरपी पुलिस अहमदाबाद से संपर्क कर उन्हें दोनों बच्चों के संबंध में जानकारी देकर अलर्ट किया। जिससे अहमदाबाद जीआरपी पुलिस द्वारा दोनों बच्चों को ट्रेन से सुरक्षित उतारकर अपने कब्जे में लिया गया । गुना पुलिस व अहमदबाद पुलिस द्वारा बड़ी ही सूझबूझ से आपसी तालमेल बनाकर दोनों बच्चों को सकुशल वापस गुना लाकर उन्हें उनके परिजनों से मिलाया गया ।

# पुलिस को देखते ही युवक ने लगाई दौड़, गिरफ्तार

**बरामद किया अवैध कट्टा**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंट थाना पुलिस द्वारा किसी बारदात के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 18-19 अक्टूबर की मध्य रात में केंट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि लूसन बगीचा में एटीएम वाली गली के पास कुछ लोग एकत्रित होकर किसी बारदात की नियत में खड़े हैं। इस सूचना के मिलने पर केंट थाने से पुलिस की गस्त टीम तत्काल रवाना हुई और लूसन बगीचा में गस्त करते हुए लूसन बगीचा पुलिया पर पहुंची तो वहां पर खड़े एक युवक द्वारा पुलिस वाहन को देखते ही दौड़ लगा दी, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा भी जिसका पीछाकर बमुश्किल उसे दबोच लिया गया । जिसने पूछताछ पर अपना नाम अभिषेक पुत्र हरनाम सिंह रघुवंशी उम्र 21 साल निवासी ग्राम देवरी मार थाना बजरंगगढ़ जिला गुना का होना बताया एवं जिसने बताया कि वह यहां पर अपने दोस्त की मदद के लिये आया था और पुलिस को देखकर उसने अपने हाथ में लिया हुआ कट्टा यहीं झाड़ियों में फेंक दिया है, जिसकी निशादेही पर उसके द्वारा फेंका गया अवैध देशी कट्टा पुलिस द्वारा बरामद कर आरोपी अभिषेक रघुवंशी को गिरफ्तार किया गया एवं जिसके विरुद्ध केंट थाने में अप.क्र. 983/24 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। केंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक महमूद नबी खांन, प्रधान आरक्षक संतोष यादव, आरक्षक जितेन्द्र वर्मा, आरक्षक जितेन्द्र मिश्रा एवं आरक्षक अरविन्द यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष के गुना आगमन पर कई कर्मचारियों ने संघ की सदस्यता ग्रहण की

# कैंडल मार्च निकाल कर दिवंगत ट्रैक मैनटेनर साथियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय के गुना आगमन पर अनेक कर्मचारियों ने संघ की सदस्यता ग्रहण की एवं कैंडल मार्च निकाल कर दिवंगत ट्रैकमैनटेनर साथियों को श्रद्धांजलि दी। 19 अक्टूबर को गुना में एनएफआईआर एवं डब्ल्यूसीआरएमएस की नीतियों से प्रभावित होकर रेलवे की दूसरी यूनियन को छोड़ कर अनेक कर्मचारियों ने संघ की सदस्यता ग्रहण की।

राजेश पाण्डेय , वीपी सिंह, डीडी टिकारिया, अविनाश कुमार, भारत सिंह कुशवाह, दिनेश कुमार, अशोक अहिरवार एवं संघ के अनेक कार्यकर्ताओं ने नवागंतुक सदस्यों का फूलमाला, तिरंगी पट्टी से स्वागत किया। 14 अक्टूबर को ड्यूटी के दौरान शहीद हुए स्व हारूनखान एवं स्व मनोजपाल को श्रद्धांजलि दी एवं कैंडल मार्च निकाल कर रेल प्रशासन को रेल कर्मचारियोंबकी जबकि सुरक्षा के




प्रति सजग रहने की मांग की। इस अवसर पर वी पी सिंह ने सहायक मंडल इंजीनियर गुना द्वारा कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाकर ट्रैकमैनटेनर साथियों को ड्यूटी पर सुरक्षा सुनिश्चित न करने, ट्रैकमैंटेनर्स को निर्धारित ड्यूटी से हटाकर घरेलू कार्य कराने एवं फर्जी हाजरी देने जैसे मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने की नसीहत दी। गुना के अधीन इंजीनियरिंग के कई सुपरवाइजर ट्रकमैंटनर्स के साथ यूनियन के आधार पर भेदभाव कर प्रताड़ित करते हैं साथ ही भ्रष्टाचार में लिप्त सुपरवाइजर्स को गुना के खुले समर्थन एवं ट्रैकमैंटेनर्स की जान के प्रति गैरजिम्मेदाराना रवैए पर कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। राजेश पाण्डेय मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यदि अधिकारियों का रवैया नहीं बदला तो हम आंदोलन करेंगे। पाण्डेय अनेक कर्मचारियों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से भी अवगत कराया जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर अनेक कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 'वाल्मीकि जयंती' के उपलक्ष्य में साहित्यिक-संगोष्ठी आयोजित

# कितनी प्यारी खाकी वर्दी, देशभक्ति और जनसेवा की जीवन में है झांकी वर्दी...!

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



विश्व के 36 देशों में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय संस्था हिन्दी साहित्य भारती के द्वारा 'वाल्मीकि जयंती' के उपलक्ष्य में साहित्यिक-संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें साहित्यिक विमर्श के साथ नवांकुरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी नारायण बुनकर की कृति उनके हिस्से मेंर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रवीन्द्र शुक्ल, पूर्व कृषि एवं शिक्षा मंत्री पधारे। विशिष्ट अतिथि डॉ रमा सिंह- केंद्रीय उपाध्यक्ष, दिनेश बिरथरे- प्रदेश महामंत्री रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्ण राजौरिया, प्रांत-अध्यक्ष द्वारा की गई।प्रथम सत्र में डॉ बुनकर की पुस्तक का लोकार्पण हुआ। पुस्तक की समीक्षा डॉ रमा सिंह ने प्रस्तुत की तथा परिचय कीर्ति सोनी द्वारा दिया गया। तत्पश्चात 4 नवाकुरों- प्रशांत पवैया, कु. मौली शुक्ला, प्रमेंद्र भार्गव (अशोक नगर) एवं विनोद तिवारी (आरोन) को सम्मानित किया गया।डॉ रवीन्द्र शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को विश्व नेतृत्व के लिए तैयार करना है तो सभी को संगठित होकर जीवन मूल्यों के प्रति समर्पित होना पड़ेगा, जातिवाद के समूल नाश के साथ दीप से दीप जलाकर ही समरस समाज का सृजन संभव है। प्रथम सत्र का संचालन ऋषिकेश भार्गव ने किया।

द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता डॉ जवाहरलाल द्विवेदी प्राचार्य शास. महाविद्यालय राधौगढ़ ने की। प्रेम सिंह प्रेम, प्रांतीय उपाध्यक्ष, महेश बौहरे, राधौगढ़ तथा डॉ बुनकर मंचासीन रहे। डॉ रमा सिंह ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की- क्रोंची के नयनों से कविता-निर्झरणी के स्वर फूटे,हे महर्षि!हे आदि कवे!हे स्रोत छंद के तुम्हें नमन! दिनेश बिरथरे द्वारा पुलिस के दायित्वों पर ओजस्वी कविता प्रस्तुत की गई -कितनी प्यारी खाकी वर्दी, देशभक्ति और जनसेवा की जीवन में है झांकी वर्दी। कवि प्रेम सिंह प्रेम ने पारिवारिक मूल्यों को रेखांकित किया -जिस घर में बुजुर्ग बच्चे हंसते नजर आए,समझ लेना वो किसी रईस का मकान है।

मौली शुक्ला ने अपनी बात इस तरह रखी- उजड़ गए जो चमन बागवां के बगैर, आखिर एक दिन उन्हें भी लहलहाना है।कार्यक्रम में अशोकनगर से पधारे कविगण- जगदीश शर्मा सहज, महेश कुमार श्रीवास्तव प्रियकांत माथुर तथा प्रमेंद्र ने सुंदर काव्य पाठ प्रस्तुत किया।उज्जैन से पधारे ज्योतिषाचार्य जी ने अध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डाला।

एनएफएल से पधारे कवि एल.एन कोष्ठी की गजल ने श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया।स्थानीय कविगण हरीश सोनी, नरेंद्र भार्गव, संजय खरे, मंजू शुक्ला, बाबू खान, उमाशंकर भार्गव, धर्मवीर सूबेदार, डॉ बुनकर आदि द्वारा सुंदर काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रुठियाई से लक्ष्मण सिंह, गुना से ओ पी बिरथरे, रामकिशोर भारद्वाज, संजय बिरथरे, मोहित शर्मा, शिवनारायण बिरथरे, प्रकाश नारायण पाराशर , वींपी सिंह, पुष्पा बुनकर तथा डॉ बुनकर के परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। आभार जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा चीनी ने व्यक्त किया।

## जिले के समाचार

### पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर किया गया विशाल भंडारे का आयोजन





**राघौगढ़।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पिपलेश्वर महादेव मंदिर लालापुरा में विशाल भंडारे का आयोजन श्री कृष्ण मित्र मंडल द्वारा शनिवार को किया गया जिसमें हजारों भक्तों द्वारा महादेव जी एवं माता जी के दर्शन कर भंडारे की प्रसादी ग्रहण करी। श्री कृष्ण मित्र मंडल के सभी सदस्य द्वारा शीतला माता मंदिर लालपुरा समिति के सभी सदस्यों का भंडारे में सहयोग के लिए चिह्न पटीका पहना कर आभार प्रकट किया गया।

### वन परिक्षेत्र में पदस्थ तीन वनरक्षकों की पदोन्नति हुई, बने वनपाल



**राघौगढ़ ।** वन विभाग वन परिक्षेत्र में पदस्थ तीन वनरक्षकों की पदोन्नति हुई है तीनों वन रक्षक कैलाश नारायण वर्मा, संजीव कुमार पलिया और विजय सिंह तोमर को वनपाल बनाया गया है। पदोन्नति के अवसर पर तीनों को वन परिक्षेत्र अधिकारी वन परिक्षेत्र राघौगढ़ के सी अहीर ने स्टार लगाकर माला पहनाकर शुभकामनायें दी। पदोन्नति के अवसर पर परिवार जनों एवं ईष्टमित्रों ने ढोलबाजे बजाकर मिठाई खिलाकर शुभकामनायें दी।

### जिलाध्यक्ष ने पूर्व जिलाध्यक्ष को बनाया सक्रिय सदस्य

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व सदस्यता अभियान के पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के निर्देशन में सक्रिय सदस्यता अभियान किया जा रहा है। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत जिले के सभी 19 मंडलों में सक्रिय सदस्यता अभियान चल रहा हे। इस अभियान के तीसरे दिवस रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने सक्रिय सदस्यता अभियान टोली की उपस्थिति में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के नवीनीकरण में पूर्व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य योगेंद्र लुंबा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा नेता मनोज दुवे के निवास पहुंचकर उन्हें भाजपा का सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई।

## किसानों को मिले सुचारु रूप से खाद, एसडीएम ने मंडी वेयर हाउस का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसानों को डीएपी खाद सुचारू रूप से वितरण हो और किसानों को दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी विकास आनंद ने मंडी वेयर हाउस पहुंचकर निरीक्षण किया। किसानों को टोकन के माध्यम से प्रत्येक किसान को चार बोरी प्रत्येक किसान को डीएपी खाद मिले अनुविभागी अधिकारी ने बताया कि डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है किसानों को अधिक मात्रा में खाद चाहिए लेकिन अधिक किसान होने के कारण सभी किसान को चार चार खाद बोरिया दी जा रही है सभी किसानों की पूर्ति लगभग हो जाएगी बचे हुए किसानों को भी डीएपी खाद उपलब्ध कराया जाएगा। अनुविभागी अधिकारी ने सभी किसानों को समझाया उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राघोगढ़ को 125 में टन खाद उपलब्ध कराया गया है । कृषि उपज मंडी प्रांगण में पुलिस प्रशासन की निगरानी में खाद वितरण किया जा रहा है कृषि मंडी परिसर में जल भराव ना हो जल निकासी के लिए नाली बनवाई गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी विकास आनंद, नायब तहसीलदार रेनू कांसलीवाल, थाना प्रभारी जुबेर खान, सीएमओ हरिप्रसाद जाटव एवं कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिले को एक रैक के माध्यम से डीएपी की 2703 में टन मात्रा हुई प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को कोरोमण्डल कंपनी की जिले को डी.ए.पी. की 1 रेक के माध्यम से मात्रा 2703 मे.टन उर्वरक प्राप्त हुआ है। जिसमें से शासकीय क्षेत्र को कुल 2075 मे.टन, जिले के निजी विक्रेताओं को 612.5 मे.टन एवं कोरोमण्डल कंपनी के खाते में 15.5 मे.टन है। मार्कफेड डबल लॉक केन्द्र गुना को 200 मे.टन, बमौरी को 200 मे.टन, राघौगढ़ को 100 मे.टन, आरोन को 150 मे.टन, मधुसूदनगढ को 100 मे.टन, बीनागंज को 175 मे.टन, कुम्भराज को 100 मे.टन, एम.पी.एग्रो गुना को 100 मे.टन एवं जिले की 78 सहकारी समितियों को 12.5 मे.टन प्रति समिति के हिसाब से कुल 950 मे.टन डी.ए.पी. उर्वरक का भण्डारण किया गया है, जिसका वितरण दिनांक 21 अक्टूबर 2024 (सोमवार) से किया जावेगा तथा जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओ को क्रमंशः मेसर्स संगम कृषि सेवा केन्द्र गुना-90 मे.टन, मेसर्स सोमिल फर्टीलाईजर एण्ड बिल्डिंग मटेरियल गुना-90 मे.टन, मेसर्स अंबिका कृषि सेवा केन्द्र गुना-37.5 मे.टन, मेसर्स कृष्णा क्लिनिक गुना-40 मे.टन, मेसर्स पोसरिया कृषि सेवा केन्द्र गुना-10 मे.टन, मेसर्स गायत्री कृषि सेवा केन्द्र गुना-10 मे.टन, मेसर्स कल्याण टेडर्स म्याना-30 मे.टन, मेसर्स पूजा ट्रेडर्स सेनबोर्ड बमोरी-60 मे.टन, मेसर्स बंशी ट्रेडर्स सेनबोर्ड बमौरी-60 मे.टन, मेसर्स श्रीराम पेस्टीसाईड फतेहगढ बमौरी-30 मे.टन, मेसर्स गणेश पेस्टीसाईड फतेहगढ बमौरी-30 मे.टन, मेसर्स श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र विशनवाडा बमौरी-20 मे.टन, मेसर्स आदित्य ट्रेडर्स कुम्भराज-50 मे.टन, मेसर्स प्यारेलाल दालचंद पालीवाल मधुसूदनगढ-25 मे.टन, मेसर्स पालीवाल कृषि सेवा केन्द्र मधुसूदनगढ-30 मे.टन का भण्डारण किया गया।



## शा.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 3 शिक्षकों के स्थानांतरण पर विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शेख अख्तर खान, गुलनारवी का जिले के अंतर्गत व आकाश शर्मा का जिले से बाहर अतिशेष शिक्षक होने के कारण स्थानांतरण पर विद्यालय परिवार द्वारा एक शानदार बिदाई समारोह रखा गया। विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र रघुवंशी द्वारा तीनों का शॉल श्री फल से सम्मानित किया गया व विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने तीनों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा तीनों अपने विषय के विशेषज्ञ थे इनके जाने से विद्यालय की छात्राएं एकत्रित हो कर मेरे पास आई और कहा कि इनका स्थानन्तरण रुकवा दीजिये मैने छात्राओं को समझाया कि बेटा शासन स्तर से सब नीति नियम के अनुसार हुआ है अब हम इनको स्कूल में नही रोक सकते ऐसे शिक्षकों को विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई समारोह रख कर शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने अपने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्यायाम निर्देशक अबधेश शर्मा ने किया आभार प्रदर्शन सीपक जैन ने माना।

### भरे बाजार से पेठा व्यापारी के साढ़े चार लाख रुपए से भरा बैग चुरा ले गया चोर



**शिवपुरी।** पिछोर कस्बे के बाजार से एक पेठा व्यापारी का पैसे से भरे बैग को लेडिंग वाहन से चुरा ले गया। व्यापारी ने इसकी पिछोर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक दतिया के रहने वाले व्यापारी नरेंद्र गुप्ता शनिवार को लोडिंग वाहन में पेठा भरकर पिछोर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पिछोर के दुकानदारों से पुराना भुगतान भी लिया था। इसके बाद व्यापारी ने चार बजे लोडिंग वाहन ढांक बंगाला के सामने खड़ी कर दी थी। इस दौरान व्यापारी ने पैसों से भरा बैग लोडिंग वाहन की सीट पर छोड़ दिया था। तभी एक अज्ञात चोर आया और लोडिंग में रखे पैसों के भरे बैग को चुराकर ले गया। व्यापारी नरेंद्र के मुताबिक बैग में साढ़े चार लाख रुपए थे, जिन्हें चोर चुरा ले गया। शिकायत के बाद पिछोर पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## बहादुरपुर में नवीन तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण, पौधारोपण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



सोमवार से बहादुरपुर कस्बे के नजदीकी ग्राम खोपरा में नवनिर्मित तहसील भवन में कार्यालय का संचालन होगा। अब तक इसे बहादुरपुर ग्राम पंचायत के बहुउद्देषीय भवन में संचालित किया जा रहा था। बीते शनिवार को नवनिर्मित भवन में सुंदरकांड पाठ के साथ पूजन की गई। इसके बाद कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने फीता काटकर अंदर प्रवेश किया। इस अवसर पर एक पौधा भी रोपा गया है। बता दें कि 2017 में गजट नोटिफिकेशन के बाद 2018 में बहादुरपुर तहसील कार्यालय का संचालन प्रारंभ हुआ था। तब से कार्यालय का संचालन मुंगावली से हुआ, इसके बाद बहादुरपुर ग्राम पंचायत के बहुउद्देशीय भवन के पांच कक्षों में कार्यालय संचालित किया गया। तहसील कार्यालय के भवन हेतु ग्राम खोपरा में शासकीय भूमि चिन्हित की गई थी, जिस पर पीआईयू द्वारा 6 करोड़ रुपए खर्च कर विशाल भवन बनाया गया है। शनिवार को हुए कार्यक्रम में एसडीएम आरबी सिंडोस्कर, तहसीलदार आनंद जैन, नायब तहसीलदार एके गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील अरोरा, पूर्व सरपंच मनोज कांसल, सरपंच धर्मेन्द्र खटीक, भोगीराम यादव मथाना, जितेन्द्र दांगी लप्तोरा, अयूब खांन गोरा, सिकंदर खां गोरा सहित अन्य मौजूद रहे।

### पूर्व सरपंच ने कलेक्टर के समक्ष मांगे विकास कार्य

कार्यालय के लोकार्पण से कुछ देर पहले पहुंचे कलेक्टर श्री द्विवेदी का पूर्व सरपंच मनोज कांसल ने अपने निवास पर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर के समक्ष विश्राम गृह, राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, खेल मैदान एवं स्थाई हैलीपैड बनवाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि बहादुरपुर उपमंडी के कारण बैंक शाखा, खेल प्रतिभाओं को अभ्यास करने के लिए मैदान, अधिकारियों को रुकने हेतु विश्राम गृह एवं हैलीपैड की कस्बे में अत्यंत आवष्यकता है।

## ग्रामीणों ने पीड़ित की फसल को कर दिया बर्बाद

# शिकायत के बाद भी पीड़ित की नहीं हो रही सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

**पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है**



जिले के ग्राम जलालपुर निवासी हरचंदी पुत्र विक्रम सिंह कुशवाह ने अपने भाई की जमीन को लेकर की गई शिकायत में कहा है कि उसे शासन ने एक हैक्टेयर भूमि पट्टे पर दी थी जिसका मामला न्यायलय में चल रहा है उसके बावजूद भी ग्रामीणों ने उसकी फसल का नुकसान कर दिया है और शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हरचंदी कुशवाह ने बताया की आवेदक के भाई गंगाराम की जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है। कुछ लोग खड़ी फसल को क्षति पहुंचाने और रास्ता निर्माण करने पर तुले हैं आवेदक ने अपने आवेदन में कहा है कि उसके भाई गंगाराम के स्वामित्व की भूमि जलालपुर में भूमि सर्वे क्रमांक 385/3 रकवा एक हेक्टर भूमि शासन द्वारा पट्टे पर प्रदान की गई थी, जो शासकीय अभिलेखों में गंगाराम के नाम से दर्ज है। इस सर्वे नंबर में कोई रास्ता न तो कभी रहा है और न प्रस्तावित है। जून के महीने में गांव के शिवचरण महेश आधार सिंह प्रीतम सिंह ओंकार सिंह विजय सिंह संजू सुरेश रघुवीर गोपाल राजेश रामबाबू संतराम द्वारा जबरन ट्रैक्टर एवं जेसीबी से गंगाराम के खेत में खड़े पेड़ों को क्षति पहुंचा कर फसल को बर्बाद करने का प्रयास किया गया। जिसकी पुलिस और राजस्व अधिकारियों को शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। गंगाराम ने आवेदक को मुख्तियार नामा नियुक्त कर न्यायालय में उक्त भूमि के संबंध में बाद प्रस्तुत किया है जो अभी बिचाराधीन है इसी भूमि से संबंधित एक अपील भी प्रधान न्यायाधीश के न्यायालय में की गई है। 15 अक्टूबर को जब ग्रामीण उसकी जमीन पर ट्रैक्टर चलाने आए तब भी कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई देहात पुलिस के द्वारा आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आवेदक की भूमि में फसल और सब्जियों को क्षति पहुंचाई जा रही है और रास्ते का निर्माण किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उन्होंने पुलिस अधीक्षक से उक्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**अशोकनगर।** हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस विभाग के द्वारा देश भर में पुलिस की ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया जाता है इस बार भी यह आयोजन अशोकनगर की पुलिस लाइन में किया जा रहा है। जिसमें शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह 8:30 बजे होगा। इस मौके पर शहीदों के नाम का वाचन किया जाएगा। परेड का आयोजन कर शहीदों को गॉड आफ ऑनर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों द्वारा शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## 14 नवंबर से होगा रामलीला महोत्सव का शुभारंभ



**अशोकनगर।** रविवार को ब्राह्मण समाज धर्मशाला मैं श्री राम सिद्ध कला परिषद अशोकनगर द्वारा एक बैठक का आयोजन रखा गया जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया गया आगामी 14 नवंबर से प्रारंभ होगा भव्य रामलीला महोत्सव। परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया मध्य प्रदेश कि ऐसी पहली रामलीला जिसमें महिलाओं का किरदार महिला पात्रों द्वारा निभाया जाता है एवं पुरुषों का किरदार पुरुष पात्रों द्वारा ही निभाया जाता है तथा कार्यक्रम की आगे की रूपरेखा बनाते हुए नवीन कार्यकारिणी का ऐलान डायरेक्टर अनिल शर्मा द्वारा किया गया इसमें शीतल संधू को अध्यक्ष संजय रघुवंशी देवेंद्र रघुवंशी एवं विजय बैरागी को उपाध्यक्ष एवं बृज नारायण दुबे कोषाध्यक्ष लक्ष्मण बघेल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक मे सभी कलाकार एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर** जिले के देहात थाने अन्तर्गत यादव कॉलोनी निवासी यसपाल पुल कैलाशनारायण जोगी उम्र 20 साल ने अपने ही घर मे फासी लगाकर खुदकुशी कर ली बताया गया है घर पर परिवार जन नहीं थे तब उसने फासी लगा ली जब उसकी बहन और मां बजार से लोट कर आई तो वह फासी के फंदे पर लटका हुआ था, वहन ने भाई को फासी के फंदे पर लटका देखा तो कैंची से रस्सी को काट दिया और पुलीस को सूचना दी पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच कि जा रही है।

### सर्प के डसने से सात वर्षीय बालिका की मौत

**अशोकनगर** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत तमासा चक्क निवासी इसानी पुत्री मलखान बंजारा उम्र सात साल को सर्प ने डस लिया था जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

**अशोकनगर** जिले के सहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पाडरी निवासी लालसिंह पुत्र तुलसीराम आदिवासी उम्र 25 साल अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फासी लगाकर खुदकुसी कर ली पुलिस ने मर्ग का मामला कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर** जिले के महिला थाने के अन्तर्गत ग्राम मुडरा मल्हारगढ निवासी देवागनी उपाध्याय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की माग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा था। पुलिस ने सिद्धार्थ, सुरेन्द्र, कल्पना उपाध्याय के विरूध दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर** जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किये गये है सिटी कोतवाली अशोकनगर के अन्तर्गत नेहरू पार्क अशोकनगर निवासी सरीता जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेन्द्र जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार सुरेन्द्र अहिरवार निवासी वाल्मीक मंदिर के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोक कैलास और वीरू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम देरखा निवासी तोफान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कैलाश अहिरवार ने उससे मारपीट की और सोयावीन फहलाकर नुकसान कर दिया।जिले के मुगावली थाने अन्तर्गत मुंगावली निवासी संस्कार वागडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रेमसिंह, संजू मनोज, संजय, धनकुवरबाई ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जिला मुख्यालय को फोरलेन एक्सप्रेस वे से जोड़ने की मांग

**अशोकनगर** जिला मुख्यालय फोरलेन एक्सप्रेस वे से कनेक्ट नहीं है इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 जो ललितपुर उत्तर प्रदेश से गुजरता है वहां से लेकर चंदेरी होते हुए ढाकोनी अशोक नगर के आगे बंगला चैराहे तक फोरलेन मार्ग बनाकर इसे आगे ले जाकर विदिशा एवं भोपाल से जोड़ते हुए बनाया जाना चाहिए जिसकी मंजूरी भारत सरकार भूतल परिवहन मंत्रालय को जारी करना चाहिए क्योंकि यह फोरलेन एक्सप्रेस अशोकनगर जिला मुख्यालय से तो जुडेगा साथ ही यह दिल्ली एवं नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का वैकल्पिक मार्ग भी बन जाएगा. कारण की जब राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 चंदेरी से राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 346 से जुड़ते हुए आगे विदिशा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 146 से जुड़ेगा तो यह आगे चलकर भोपाल बैतूल से जोड़ता हुआ नागपुर तक जाएगा राजमार्ग क्रमांक 12 एवं 69 द्वारा जिससे एक इंडसट्रियल कॉरिडोर का वैकल्पिक मार्ग बनेगा जो अशोकनगर जिले में औद्योगिक विकास सामाजिक विकास एवं आर्थिक विकास की नई इबारत लिखेगा अतः भूतल परिवहन मंत्रालय भारत सरकार को इस प्रस्तावित फोरलेन एक्सप्रेस पर की मंजूरी अवश्य प्रदान करनी चाहिए।

### करवा चौथ पर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना की

# महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर चलनी से किया चांद का दीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में करवा चैथ का पर्व मनाया गया महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर इस पर्व को मनाया। पूरे दिन निर्जला व्रत किया। इस दिन महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर पूजा अर्चना की और चांद के निकलते ही अपने मकान की छत पर जाकर चलनी से चांद का दीदार किया।

अशोकनगर जिले में करवा चैथ का पर्व हर वर्ष बड़े उत्साह से मनाया जाता है महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर यह व्रत रखती हैं दरअसल व्रत सुहागन स्त्रियों का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह व्रत पति और पत्नी के बीच विश्वास का संदेश लेकर आता है। इस दिवस के लिए महिलाएं कई दिन पहले से तैयारी में जुट.जाती है और ऐसा ही शहर में होता रहा। महिलाओं ने करवा चैथ की सामग्री खरीदी पूजा सामग्री के साथ इस पर्व को मनाया। महिलाओं ने करवा चैथ के दिन 16 श्रृंगार में काम आने वाली सारी सामग्री की खरीदी की। किसी ने महंगे जेवर खरीदे तो किसी ने ब्यूटी पार्लर का सहारा लिया हर महिला नई साड़ी खरीदते हुए देखी गई और महिलाओं ने इस दिन नई साड़ी को धारण किया। लगभग 25000 से अधिक महिलाओं ने करवा चैथ का पर्व मनाया। निर्जला व्रत पूरा पूर्ण होने के बाद महिलाओं ने अपने पति के



हाथों से जल धारण किया इसी के साथ यह पर्व मनाया गया।

#### पंजाबी समाज की महिलाएं भी गुरूद्वारा में पर्व मनाने पहुंची

पंजाबी समाज की महिलाओं ने शहर के गुरुद्वारा भवन पर पहुंचकर हर वर्ष की भांति पर्व मनाया। बड़ी संख्या महिलाएं शाम की अवधि में सज धज कर गुरुद्वारा भवन पहुंची यहां महिलाओं ने आपस में परंपरा अनुसार थाली बदली और सेल्फी ली और यही से चांद के दीदार करने की शुरुआत की। यहां सभी महिलाओं ने एक दूसरे को बधाई दी। महिलाएं पूरा श्रृंगार कर इस कार्यक्रम में शामिल हुई थी। हमेशा पंजाबी समाज की महिलाएं करवा चैथ के दिन गुरुद्वारा भवन पहुंचती है और करवा चैथ का पर्व मनाती है।

#### नई नवेली दुल्हन बनी महिलाओं ने भी पर्व मनाया

शहर मैं करवा चैथ के पर्व को लेकर नई नवेली दुल्हन जो पहली बार करवा चैथ का पर्व मना रही थी। उन्हे नया अनुभव था उन्होंने पहली बार करवा चैथ का पर्व मनाया। परिवार जनों द्वारा करवा चैथ की सारी विधियां पूर्ण कराई गई। करवा चैथ पर अनेक पतियों को भी पत्नियों के साथ मनाते हुए देखा गया। पतियों का कहना था, कि जब उनकी पत्नियां उनकी दीर्घायु की कामना के लिए व्रत रख सकती हैं, तो वह भी अपनी पत्नियों की लंबी आयु के लिए



यह पर्व रख सकते हैं। कई ऐसे पति करवा चैथे को लेकर घरों से बाहर थे वह पर्व की महत्वता को देखते हुए अपने घर वापस लौट आए। ऐसे लोग जो विदेशों में है और उनकी पत्नियों देश में ही है ऐसे लोगों ने भी वीडियो कॉलिंग के माध्यम से करवा चैथ का पर्व मनाया। इस तरह करवा चैथ का पर्व पति-पत्नी के पूर्ण विश्वास, समर्पण और आपसी प्रेम भाव के साथ शहर में मनता रहा।

# भतीजे को डूबने से बचाने गए चाचा-भतीजे की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पिपरई कस्वे के समीप मेनखेडा डेम में दोपहर के समय नहाने गया विवेक पुत्र अकलुराम अहिरवार उम्र 20 वर्ष को बचाने गया चाचा बबलू पुत्र छुट्टनराम अहिरबार उम्र 49 वर्ष की पानी में डूवने से मौत हो गई है दोनों मृतक मगरदा जिला गढ़वा झारखंड के रहने वाले थे। दोनों ही ठेकेदार रोशन साहू निवासी गढ़वा जि ला झारखंड एल एन टी कम्पनी द्वारा वाटर प्लांट बनने का कार्य चल रहा है उसमें मजदूरी करने आए थे। रविवार होने के कारण आज छुट्टी का दिन होने की बजह से दोपहर को विबेक नहाने पास में ही डेम में नहाने गया था।नहाते समय अचानक गहरे पानी की तरफ चल गया उसे डूबता देख उसका दूसरा चाचा भी उसको बचाने डेम में कूद गया।और देखते ही देखते दोनों ही पानी मे डूब गए।



कुछ और लेबर के साथियों को इसकी जानकारी लगी तो वह उनकी मदद की गुहार करने लगे और जब तक उनकी मदद होती तब तक बहुत देर हो गयी थी। दोनों पानी मे डूब चुके थे। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी हुक्म सिंह मीणा नायब तहसीलदार अनीश धाकड़ ओर सब इंस्पेक्टर अवदेश गोर अपनी टीम को लेकर घटना स्थल पहुंचे। एस डी आर एफ टीम अशोक नगर को सूचित किया। मौके पर एस डी आर एफ टीम अरुण रघुवंशी, कपिल रघुवंसी, रामशरण यादब, प्रभारी शशि कपूर कथोरोलिया अशोक नगर ने काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को पानी में ढूंढ कर वाहर निकलने में सफल हुए और दोनों मृतको का पुलिस ने मौके पर पंचनामा बना कर शबों को पी एम के लिए भेज दिया।

# राज्य स्तरीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगता के लिए 8 का चयन




**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा के राज्य स्तरीय खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला के निर्देशन में स्कूल के प्राचार्य महेन्द्र रघुबंशी के मुख्य आतिथ्य में माँ स्वरस्वती की पूजन व माल्यर्पण से शुभारम्भ हुआ।

इस प्रतियोगिता में जिले के चारों ब्लाकों से मिनि व जूनियर बर्ग के 32 बालक व 32 बालिकाओं ने सहभागिता की। जिसमें 4 बालक व 4 बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय योग ओलम्पियाड के लिए हुआ है यह प्रतियोगिता दिसम्बर माह में जबलपुर में होगी। इस प्रतियोगिता निर्णायक भूमिका राज्य स्तर पर योगनी अवॉर्ड से सम्मानित सुश्री नवीता जैन मुंगावली जिला योग प्रभारी रविन्द्र भारद्वाज श्री मति किरण शिल्पकार अशोकनगर सन्तोष विश्वकर्मा मुंगावली अशोक शर्मा ईसागढ़ अब्दुल हसन अंसारी चन्देरी संजय बिजोले मेहरबान सिंह परिहार धर्मेन्द्र अरोरा रमेश पाराशर अबधेश शर्मा ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया ।





# ज्ञानविज्ञानयोग के 11 श्लोकों का स्वाध्याय किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के मार्गदर्शन में ग्राम रांवसर में 23वे रविवार को गीता के सप्तम अध्याय ज्ञानविज्ञानयोग के 11 श्लोकों का स्वाध्याय कपिल शर्मा के घर पर किया गया। बलवीरसिंह यादव ने बताया कि गीता के सातवें अध्याय के महत्व के बारे में उल्लेख किया गया है कि गीता के इस अध्याय के पाठ से पितृदोष से मुक्ति पाई जा सकती है। इस अध्याय में श्रीकृष्ण अपने मूलतत्व प्रकृति का वर्णन करते हुए कहते हैं कि पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश आदि से स्थूल शरीर बनता है इसी प्रकार मन बुद्धि और अहंकार आदि से सूक्ष्म शरीर बनता है। इस प्रकार यह आठ प्रकार से अर्थात अष्टंगी ही विभाजित मेरी प्रकृति है ये तो अपरा अर्थात इसके तुल्य दूसरी देवी नहीं है तथा उपरोक्त दोनों शरीरों में इसी का परम योगदान है और हे महाबाहो! इससे दूसरी को जिससे यह सम्पूर्ण जगत संभाला जाता है। मेरी जीवरूपा चेतन दूसरी साकार चेतन प्रकृति अर्थात दुर्गा जान। क्योंकि दुर्गा ही अन्य रूप बनाकर सागर में छुपी तथा लक्ष्मी-सावित्री व उमा रूप बनाकर तीनों देवों (ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव) से विवाह करके जीवों की उत्पत्ति की। गीता स्वाध्याय में गीताप्रेमी संग्रामसिंह यादव, जगदीशसिंह यादव, वीरसिंह यादव, जयनारायण शर्मा, मन्नासिंह यादव, दामोदर मीना, अशोक नामदेव, भोला नामदेव, बलवीरसिंह यादव, रघुराजसिंह यादव, महेंद्रसिंह यादव, राजकुमारसिंह यादव, दिनेश बाबू मीना, कपिल शर्मा तथा उनके परिवारजन उपस्थित रहे। आगामी रविवार को स्वाध्याय श्रीराम जानकी मंदिर पर किया जाएगा।

# पुलिस ने जुए के अड्डे से 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया

12 मोबाइल 2 कार 4 स्कूटी व दो लाख तीस हजार बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में चलाये जा रहे जुए के एक बडे अड्डे पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही कर बडी सफलता अर्जित की है। देहात पुलिस ने 12 जुआरियों को अवैध रूप से जुआ खेलते हुए पकड़ा है जिनके पास से 12 मोबाइल, नगदी 2,30,000 रूपये, दो कार जिनमें एक फॉच्र्यूनर, एक ग्रांड विटारा तथा 4 स्कूटी शामिल है जिनकी कुल करीबन 52,40,000 रूपये है। यह जुए का फड स्थानीय निवासी अभिषेक रघुवंशी के निर्माणाधीन मकान में चल रहा था। अवैध रूप से रूपयों पैसों से हारजीत का खेल ओरछा एवं उत्तर प्रदेश के झांसी, ललितपुर जिले से खेलने आए थे जुआरी। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर विनीत कुमार जैन द्वारा जिले में चलाए जा रहे जुआ सट्टे के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई है।

शनिवार को थाना प्रभारी देहात निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान को सूचना प्राप्त हुई थी कि तुलसी सरोवर कालोनी स्थित अभिषेक रघुवंशी के निर्माणाधीन मकान में कुछ लोग ताश के पत्तो से रूपये का हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं जिससे उन्होने एसपी को अवगत कराया और एक टीम गठित की गई मुखबिर के बताए अनुसार स्थान अभिषेक रघुवंशी के निर्माणाधीन मकान



डॉक्टर कालोनी पलकाटोरी रोड पहुंचें। मौके पर अभिषेक रघुवंशी के निर्माणाधीन मकान पर घर के दोनों खुले दरवाजों के माध्यम से अलग अलग रास्ते से दविश दी गयी तो कुछ लोग चार्जिंग वाले बल्व से उजाला कर ताश के पतो से रूपयो से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपीयों में

1) दीपक यादव पुत्र हिम्मत सिंह यादव आयु 28 साल निवासी ग्राम गुजरा कला पोस्ट बनगया थाना ओरछा जिला निमाडी म.प्र.

2) मोहन उर्फ मोनू राजपूत पुत्र मुलायम सिंह आयु 28 साल निवासी ग्राम बिजौली थाना प्रेमनगर जिला झांसी उ.प्र.

3) मिथुन पुत्र चतुर सिंह राजपूत आयु 28 साल निवासी ग्राम बिजौली थाना प्रेमनगर जिला झांसी उत्तर प्रदेश 4) सोनू पुत्र ओमप्रकाश बैरागी आयु 27 साल निवासी जत्तू खैजरा के घर पास तुलसीसरोवर कालोनी अशोकनगर

5) धर्मेन्द्र पुत्र मोहन सिंह रघुवंशी आयु 44 साल निवासी ग्राम देरखा

6) मनोज शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा आयु 34 साल निवासी गणेश कालोनी थाना कोतवाली

7) अरविन्द पुत्र नारायण प्रसाद आयु 30 साल निवासी दुर्गा कालोनी थाना कोतवाली

8) अंकित पुत्र वीरध्द्र सिंह रघुवंशी आयु 34 साल निवासी ग्राम महाना थाना देहात 9) सनू यादव पुत्र भूरेलाल यादव आयु 19 साल निवासी ग्राम कैशोपुर थाना पिपरई

10) मनोज पुत्र हजारीलाल शर्मा आयु 46 साल निवासी ग्राम सैजी थाना शाडौंरा हाल बोहरे कालोनी अशोकनगर

11) अजय पुत्र बनवारीलाल ओझा आयु 25 साल निवासी शंकर पुर आरोन रोड थाना कोतवाली 12) शिवकुमार पुत्र हरवीर रघुवंशी आयु 42 साल निवासी त्रिलोकपुरी कालोनी थाना कोतवाली अशोकनगर है।

### देखरेख के अभाव में मकान अब जर्जर स्थिति में पहुंचे

# हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में बनाए गए क्वार्टर 10 साल से लावारिस स्थिति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा एक आवासीय कॉलोनी बनाई गई है इस कॉलोनी में बनाए गए आवासीय क्वार्टर पिछले 10 साल से लावारिस स्थिति में पड़े हैं। यहां न कोई देखने वाला है। लोग आते हैं और चले जाते हैं जिसके कारण एक भी मकान विक्रय नहीं हुआ है, मकान अब जर्जर स्थिति में आ गए हैं। अब विभाग के अधिकारी कह रहे हैं इसका नए सिरे से रिनोवेशन कराया जाएगा। अभी इस जमीन का नामांतरण नहीं हुआ है।

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी का यह हाल इतना बुरा है कि यहां पहले जो एमआईजी क्वार्टर बने थे इसमें कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था और वह बरसों तक रहते रहे बाद में जब इस तरह की खबरें प्रशासन के पास पहुंची उसके बाद विभाग ने यह क्वार्टर खाली करा लिए। अभी जो वर्तमान में क्वार्टर बने हुए हैं उसमें एमआईजी स्तर के 8 क्वार्टर है एचआईवी स्तर के 2 क्वार्टर है और एचआईवी से नीचे के स्तर के भी 2 क्वार्टर है। इस तरह 12 क्वार्टर यहां बने हुए हैं। यहां विभाग का



कोई अधिकारी नहीं रहता विभाग का मुख्यालय गुना में है वहीं से विभाग का संचालन होता है। कभी यहां सहायक यंत्री रहा करते थे फिर कभी उपयंत्री रहते आए लेकिन फिलहाल यहां एक चपरासी के अलावा कोई नहीं है जो इस पूरे क्वार्टर की देखभाल करता है।

वर्तमान में यहां जो क्वार्टर बने हुए हैं उनकी स्थिति यह है कि न उनकी कोई झाड़ फूक हो रही है न रंग हो रहे हैं और जब से बने हैं तब से आज तक लावारिस स्थिति में है। लेने तैयार नहीं है बने बने ही यह मकान जर्जर स्थिति में आ गए हैं आप समझ सकते हैं कि शासकीय स्तर पर बनने वाले हाउसिंग बोर्ड के क्वार्टर की क्या स्थिति होती है। यह क्वार्टर पहले ही ठेकेदारी प्रथा पर बनाए जाते हैं उसके बाद यह बनने के बाद कुछ सालों में ही अपनी वास्तविक स्थिति में आ जाते हैं। इस समय कई जगह इन क्वार्टरों की खिड़की टूट गई है। कई जगह दरवाजे टूट गए हैं और कई जगह से प्लास्टिक उखड़ गया है। और आने की



जगह दीवारों में दरार आ गई है जो मकान का फर्श बना हुआ है वह भी नीचे बैठ गया है। एक मकान में बकरी बंधी हुई है यह सारी हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी में लापरवाही का सबसे बडा उदाहरण है।

इस जगह लोग मकान लेने भी पहुंचे तो उन्हें लेने में दिक्कत आ रही है क्योंकि यहां भी जमीन का आवंटन नहीं हुआ है हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी कहते हैं इसकी फाइल चल रही है जमीन हमारे आधिपत्य की है अब जब मकान खरीदने वाले लोग पहुंचेंगे और क्रय करने वालों का नामांतरण नहीं होगा तो कैसे काम चलेगा। यहां हाउसिंग बोर्ड ने मकान तो बना दिए लेकिन शासकीय स्तर पर उनका नामांतरण करने की व्यवस्था उनके पास नहीं है। इसलिए मकान खरीदने वाले लोग आने के बाद भी वापस लौट जाते हैं यहां हाउसिंग बोर्ड की और भी जमीन है अगर यहा प्लांट बनाकर बेचे जाए तो लोगों को आसानी से खरीदने में सुविधा होगी और लोग अपनी मर्जी का मकान बना सकेंगे लेकिन न तो हाउसिंग बोर्ड भूखंडों का विक्रय करता है और न ही कोई जवाब देता है जिसके कारण यहां हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है जो हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी बनी है उसके पास में जमीन भी पड़ी हुई है लेकिन आधिकारी कह रहे हैं कि पहले हम जमीन अपने नाम कराएंगे उसके बाद ही कुछ कह सकेंगे ।फिलहाल हाउसिंग बोर्ड के यह 12 क्वार्टर बने हैं जिन पर हाउसिंग बोर्ड ने करोड़ों रुपए व्यय किए हैं आज तक न तो पैसा वापस निकला है न लोगों को लाभ हुआ है और भविष्य में भी लाभ होते नजर नहीं आ रहा है कहीं ऐसा न हो कि यह आवासीय क्वार्टर बने बने ही पूरी तरह खंडहर में तब्दील होकर धराशाई न हो जाए यह क्वार्टर इसी तरह की कहानी कह रहे हैं।

#### रेनोवेसन कराएंगे

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर जो कॉलोनी बनी है उसका अभी नामांतरण नहीं हुआ है। ये मामला कलेक्टर के यहां चल रहा है जो मकान डेमेज हो गये हैं उनका रेनोवेसन कराया जाएगा।

**अशोक पंत** उपयंत्री हाउसिग बोर्ड

## मावा-मिष्ठान सहित राशन सामग्री में चल रहा मिलावट का खेल

# बाजार में मिलावट का खेल जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

त्यौहारों पर आम लोगों को दैनिक उपयोग में आने वाली राशन सामग्री तेल घी मैदा रवा आटा दाल मसाला सहित फूड का सामान अधिक मात्रा में उपयोग आता है। प्रचलन में पैकिंग समान का चलन होने के कारण मिलावट खोर बड़ी चालाकी के साथ बड़ी बड़ी ब्रांड के पैकिंग के नाम पर अपने कारोबार में नकली सामान का ब्रांड के नाम से पैकिंग कर खुलेआम मुनाफा कमाने के साथ लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ा कर रहे हैं,बाजार की कुछ दुकानें छोड़ दिया जाए तो अत्यधिक दुकानों पर नकली पैकिंग कर असली पैकिंग के नाम से बेचा जा रहा हैं। लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं है।



### त्यौहारी सीजन पर इक्का दुक्का दुकान पर होती है औपचारिकता पूरी

राशन सहित मावा मिष्ठान की दुकान पर मानक स्तर का सामान रखना अनिवार्य है इतना ही नहीं राशन दुकानों पर पक्के बिल तथा बिल्टी भी होना चाहिए और इन दुकानों पर किराना समान की रेट लिस्ट प्रतिदिन भाव के अनुसार हो लेकिन किसी भी दुकान पर इस नियम का कोई पालन नहीं होता हैं।इसका बड़ा कारण यह हैं कि समय पर इन दुकानों की चैंकिंग नहीं होती हैं और त्यौहारी सीजन आने पर संबंधित विभाग नाम मात्र की औपचारिकता पूरी कर खाना पूर्ति करते दिखाई देते हैं।

### 78 सैंपल जब्त करने के बाद कार्रवाई नगण्य

बेसे तो खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा समय समय पर मावा मिष्ठान किराना दुकान से मिठाई दाल तेल घी मेवा आदि का सैंपल लिया जाता हैं मौके पर सैंपल पंचनामा भी बनाया जाता हैं किंतु वर्षों से सैंपल का ही काम जारी है सैंपल के बाद किसी भी दुकानदार के विरुद्ध मिलावट का कोई बड़ा प्रकरण सामने नहीं आया है। ऐसे में औपचारिकता पूरी होती दिखाई देती हैं।

### खाद्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

दीपावली का त्योहार आते ही मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं। जिसे लेकर शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई दुकानों पर छापेमारी कर मिठाई और मावा का सैंपल लिया। वहीं मिलावट होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

**इनका कहना है...**

नियमानुसार दुकानों की चैंकिंग कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए जांच के लिए वरिष्ठ कार्यालय को भेजे गए हैं। जांच उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

**सुरेंद्र सिंह खत्री**
**खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजगढ़**



## नाली का गंदा पानी रोड पर बहता रहता

**जीरापुर।** दीपावली जैसे त्यौहार के नजदीकी समय पर भी स्वच्छता के नाम पर मुख्य मार्ग पर नाली से रोड़ पर बह रहा नाली का गंदा पानी। जबकि इस मार्ग पर आवागमन बना रहता है।नगर के इंदर चैराहा से आवास कॉलोनी जाने वाले मुख्य मार्ग पर विपणन सहकारी संस्था के सामने नाली का गंदा पानी रोड़ पर बहता रहता है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोरतलब है कि विगत तीन चार माह पुर्व भी नगर परिषद को इस समस्या से समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था।हालांकि जिस पर नगर परिषद द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नाली निर्माण कार्य किया था। लेकिन नाली निर्माण उपरांत नाली का गंदा पानी रोड़ पर बहता रहता है जिससे पैदल राहगीरों को यहां से गुजरते समय तकलीफ उठानी पड़ रही वहीं स्थिति यह बनती है कि जब पैदल राहगीर एवं वाहन निकलते हैं तो इस गन्दे पानी का कपड़े पर छिटके पड़ते हैं।

## पुरोहित पेट्रोल पंप के सामने का मामला

# टोल कंपनी ने कार्य पूर्ण कर हाईवे पर ही छोड़ा मलबा, मटेरियल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) ने ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक के हाईवे का चौड़ीकरण कार्य करवाया था। इस काम के लिए एमपीआरडीसी ने जिस टोल कंपनी को ठेका दिया था उसने शुरूआत से ही कई कामों में खासी लापरवाही बरती।

अगर बात राजगढ़ बाईपास की करें तो हाईवे के किनारे-किनारे बनाई गई नालियों की गुणवत्ता पर भी कंपनी ने कोई ध्यान नहीं दिया। कुछ माह पूर्व स्थानीय पुरोहित पेट्रोल पंप के ठीक सामने नाली के ऊपर चेंबर निर्माण का काम टोल कंपनी ने करवाया था। इस काम में उपयोग हुआ मटेरियल एवं वहां से निकला मलबा आज भी मौके पर ही पड़ा हुआ है। इस चेंबर के आसपास से गुजरते वक्त बाईक चालकों सहित अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है।

### इसलिए नहीं दिया जा रहा ध्यान

दरअसल, एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर नहीं है एवं विभाग के अधिकारी भोपाल में बैठते है। हाईवे पर टोल वसूल रही कंपनी की जिम्मेदारी है कि वो इस कार्य को करवाए। लेकिन टोल कंपनी को उसकी जिम्मेदारी याद दिलवाने वाले विभाग का कोई जिम्मेदार ही जिले में पदस्थ नहीं होने से हादसे की संभावना वाले स्थान पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में अब नागरिकों ने स्थानीय प्रषासन से मांग की है मामले में हस्तक्षेप कर टोल कंपनी को उक्त कार्य पूर्ण करने निर्देषित किया जाए।

# बोड़ा के पास दूध का टैंकर पलटा, 15 हजार लीटर दूध में से आधा बहा

## स्टेरिंग फेल हो जाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-बोड़ा

बोड़ा से एक किलोमीटर दूर स्थित प्रवेश द्वार के पास रविवार सुबह एक दूध का टैंकर पलट गया। यह टैंकर आयस्टर फ्रेश मिल्क लिमिटेड कंपनी का था, जो नरसिंहगढ़ से देवास की ओर जा रहा था। हादसा उस समय हुआ जब टैंकर का स्टेरिंग फेल हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

हालांकि, टैंकर चालक और क्लीनर सुरक्षित हैं और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है। टैंकर में करीब 15 हजार लीटर दूध भरा हुआ था, जिसमें से लगभग आधा दूध खेत में बह गया। सूचना मिलते ही बोड़ा पुलिस की टीम, जिसमें आरक्षक देवेंद्र दांगी शामिल थे, मौके पर पहुंची और टैंकर का ढक्कन लगवाया, जिससे और अधिक दूध का नुकसान रोका जा सके। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

फिलहाल, घटना स्थल पर स्थिति नियंत्रण में है, और ट्रैफिक को फिर से बहाल कर दिया गया है।

घटना की सूचना पर बोड़ा के प्रवेश द्वार के आसपास स्थित गांव के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। इस दौरान ग्रामीण घर में रखें बाल्टी कैन आदि बर्तनों ने दूध भरकर ले गए। वहीं दूध के टैंकर पलटने की सूचना ग्रामीणों में इस कदर फैली की ग्रामीण दूध लेने के लिए होड़ लग गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश कर मोके से हटाया। और बाद में दूसरे टैंकर को बुलवाकर पलटे टैंकर में जनेटर की मदद से आधे दूध को खाली किया गया और क्रेन की मदद से टैंकर उठा गया।

## ग्रामीणों को बताई जा रही सावधानियां

# डेंगू, चिकनगुनिया केस वाले ग्रामों में लगातार सर्वे कर रही टीम



**राजगढ़।** पिछले दिनों सारंगपुर क्षेत्र के दुगिया में डेंगू के 3 एवं ग्राम पठारी में चिकनगुनिया के 6 मामले सामने आए थे। इसके साथ ही दोनों ही ग्रामों सहित आसपास के क्षेत्र में अनेकों लोग बीमार पड़े हुए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सभी गांवों में लगातार लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टीकरण हेतु ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समस्त ग्रामों की आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायकों, पंचायत सचिवों, राजस्व अमले एवं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देषित किया है। ऐसे में अमले द्वारा ग्रामीणों को लगातार समझाईस दी जा रही है वहीं बताया जा रहा है कि किन कारणों से ये सभी बीमारियां फैलती हैं। स्वास्थ्य अमले ने बताया कि डेंगू, चिकनगुनिया का मच्छर साफ पानी में पनपता है। साफ पानी में लार्वा उत्पन्न होकर कुछ दिनों में मच्छर बन जाता है। ऐसे में सभी को समझाईस दी गई कि घरों के अंदर पानी का पात्र खुला न रखे एवं उसे ढंककर रखें।

# राजपूत समाज का दशहरा मिलन समारोह संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा नरसिंहगढ़ का दशहरा मिलन समारोह रविवार को को श्री क्षत्रिय सभाभवन, श्रीराजपूत धर्मशाला, मेला ग्राउंड में संपन्न हुआ। जिसमें नरसिंहगढ़ व नरसिंहगढ़ तहसील के समस्त ठिकाने दार उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम संपन्न हुआ आयोजन की अध्यक्षता हेतु वरिष्ठ सरदार ठाकुर साहब लक्षणसिंह जी खींची ठिकाना पछतलाई को हार माला पहनकर आपकी अध्यक्षता में समारोह प्रारंभ किया गया,। इसके उपरांत युवाओं द्वारा समारोह में पधारे सभी वरिष्ठ सरदारों का हार माला पहनाकर स्वागत वंदन किया गया। आयोजन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारणी का गठन एवं नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई एवं युवा इकाई हेतु 'युवा अध्यक्ष पद पर कुंवर योगेंद्रसिंह पवार ठिकाना मुंडला बारोल' का नाम कु.छत्रवर्धन सिंह चंद्रावत द्वारा प्रस्तावित किया जिसका समर्थन अध्यक्ष द्वारा किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी सदस्यगणों ने नवनियुक्त अध्यक्ष का हार माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया एवं बधाई दी। अंत में आभार अ.भा.क्ष.महासभ अध्यक्ष ठा.प्रणपालसिंह राजावत ठि.मुवालिया जागीर द्वारा किया किया गया।

# एक दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षण संपन्न

**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वारा के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को एक दिवसीय कन्या कौशल प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम गीतांजली शर्मा, सुनीति राजपूत एवं आरती मंगल उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वल के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रज्ञागीत के साथ हुआ। शिविर में नगर के विभिन्न स्कूलों व बाल संस्कार शाला की छात्राऐं सम्मिलत हुई।



शिविर में बालिकाओं को व्यक्तित्व विकास, किशोरावस्था में बालिकाओं की समस्या, वर्तमान की सबसे बड़ी ताकत सोशल मिडिया एवं दुष्प्रभाव, भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर एक्टिविटी के माध्यम से समझाया। शिविर में सगभागी बालिकाओं ने भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में सम्मिलित होने की भी इच्छा प्रकट की। आयोजन मे सजल श्रद्धा महिला मण्डल की नीलिमा शर्मा, पूर्णिमा सोनी, नूतन दूबे, अर्चना साहू, प्रीति गौतम, कविता सक्सेना, हेमा लोधी, सुमित्रा भट्ट, वंदना शर्मा, नेहा नामदेव, वंदना परिहार, रीना भार्गव, हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, हरीश सक्सेना, सत्यनारायण भट्ट, तोलाराम परिव्राजक, दिनेश मेवाड़े, चन्द्रहास शर्मा, प्रवीण नामदेव, तेजकरण साहू, चेतन साहू उपस्थित रहे।

### भोपाल की टीम ने सिर्फ 4 ओवर में जीता मैच

**विदिशा।** मप्र क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित भोपाल संभाग इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 18 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन में रायसेन और भोपाल रेड के मध्य मैच खेला गया। जिसमें रायसेन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 34 रन बनाए। भोपाल रेड से दिव्यांश बंडोलिया ने 6 विकेट व नीरज ग्रोवर ने 4 विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतनी भोपाल रेड ने मात्र 4 ओवर में जीत हासिल की। मैच शुभारंभ तहसीलदार अमित सिंह, निधि लोधी, डीसीए सेक्रेटरी संदीप सिंह डोंगर, जॉइंट सेक्रेटरी मो.मुजीब उद्दीन , व्हीडीसीए जॉइंट सेक्रेटरी अभिषेक सिंह, अंडर 18 सिलेक्टर उमर बाबा, भोपाल टीम कोच साद उद्दीन एवं अन्य कनारा क्रिकेट क्लब पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आरोपी पर वनोपज अधिनियम के तहत कार्रवाई की

# राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर अवैध लकड़ियों से भरा वाहन पकड़ाया, ट्रॉली में 8 क्विंटल लकड़ियां भरी थीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में वन अमले ने कार्रवाई करते हुए राजगढ़-ब्यावरा के बीच अंधेरे का फायदा उठाकर काटकर ले जा रही लकड़ियों से भरी टैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। रेंजर देवकरण भिलाला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि हाईवे से लकड़ियों का अवैध परिवहन होने वाला है।

सूचना के बाद विभाग ने टीम बनाकर राजगढ़-ब्यावरा के बीच तैनात किया। इस दौरान सामने से लकड़ियों से भरी एक टैक्टर-ट्रॉली नजर आने पर टीम ने उसे रुकवाया। वाहन में भरी हुई लकड़ियों के संबंध में जब चालक से टीपी, बिल आदि मांगे तो वो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसे में लकड़ियों समेत वाहन को जब्ती में ले लिया गया। ट्रॉली में करीब 8 क्विंटल लकड़ियां भरी हुई थीं। मामले में चालक रामप्रसाद पिता प्रभुलाल निवासी कचनारिया पर वनोपज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# संभागीय स्तरीय कबड्डी में राजगढ़ का दबदबा

## बालक, बालिक में राजगढ़ रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

संभागीय स्तरीय शालेय कबड्ड़ी शासकीय पीजी कॉलेज में सम्पन्न हुई कार्यक्रम संयोजक देवंद्र सक्सेना, राम भील ने बताया कि जिसमे भोपाल संभाग के सभी जिले की टीम शामिल हुईं यहां से प्रतियोगिता 17 वर्ष जूनियर बालकध्बालिका की हो रही है। अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया,



फाइनल मुकाबला बालक राजगढ़ और रायसेन के बीच खेला गया जिसमें राजगढ़ विजेता और रायसेन उपविजेता रही। फाइनल मुकाबला बालिका राजगढ़ और विदिशा के बीच खेला गया जिसमें राजगढ़ विजेता रही और विदिशा उप विजेता रही। इस प्रतियोगिता में से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जायेगा जो आगामी दिनांक में गाडरवाड़ा में आयोजित की जाएगी( इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र सिंह, पीजी कालेज प्राचार्य डॉ.आरके गुप्ता, शासकीय कन्या विद्यालय प्राचार्य नाथूसिंह सिकरवार ,मोहम्मद सैफी, इंद्रसिंह लववंशी, पार्षद गोपाल जाटव, अजय ठाकुर खेल शिक्षक मुकेश शर्मा,चंदा खान, मनोज विश्वकर्मा, उमाशंकर मालवीय, प्रकाश तोमर,फिरोज लोदी, रविन्द्र तोमर, सचिन शर्मा, मयंक इचोरिया, विधा चौहान, दिव्या व्यास, निकिता जोशी, रजत शर्मा, पिंटू जाट, दुर्गेश दांगी, कुणाल चौहान, हर्ष परमार, जितेंद्र जाटव, नैतिक यादव, रवि महावर, विशाल पवैया, रामकरण जाटव और खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## आधी सड़क पर वाहन खड़े होने से आवागमन में होती है लोगों को परेशानी

# व्यापारी फलोदी लाज के पास दुकानों में खरीदते हैं अनाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर के बस स्टैंड के समीप स्थित फलोदी लाज के पास दुकानों में व्यापारी खुलेआम किसानों से अनाज खरीदी करते हैं जिनके वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली, पिक अप आदि रोड पर आधी सड़क को घेरे हुए खड़े रहते हैं, जिससे रोड पर आवागमन में परेशानी आती है वही अक्सर जाम के हालात बनते बिगड़ते रहते हैं। राहगीर प्रशासन की निष्क्रियता को कोसते हुए बड़ी मशक्कत के बाद रास्ता तय करते हैं। वर्षों से व्यापारी नियम विरुद्ध रोड पर वाहनों को खड़े करा कर किसानों से माल खरीद रहे हैं ओर प्रशासन के अधिकारी गण मूक दर्शन बन कर हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं वहीं बार-बार जाम की स्थिति से लोग परेशान हैं।

### अव्यवस्थित वाहनों के खड़े होने से भी बनते जाम के हालात

बस स्टैंड के आसपास खरीदारी करने आने वाले लोग अव्यवस्थित रूप से वाहनों को खड़ा कर सामान लेने दुकान पर चले जाते हैं जिससे जाम लगता रहता है अभी दीपावली पर्व पर ट्राफिक अधिक बढ़ेगा तो हालात ज्यादा बिगड़ने की संभावना है।

### नगर परिषद द्वारा बनाए अस्थाई पार्किंग जोन पर नहीं कोई तैनात कर्मचारी

दीपावली पर्व के चलते नगर परिषद द्वारा अस्थाई पार्किंग जोन 5 स्थानों पुराना सब्जी बाजार, सोमवारिया पुलिया, डंडा पुलिया, क्षीरसागर मार्ग, मालीपुरा स्कूल में अस्थाई पार्किंग जोन बनाए गए हैं लेकिन कर्मचारियों की गैर मौजूदगी ओर लोगों को पता नहीं होने से लोग सीधे वाहन लेकर सामान खरीदने निकल जाते हैं जिससे ट्राफिक बढ़ता है तथा जाम लग जाता है।

**इनका कहना है...**

हमने अस्थाई 5 पार्किंग जोन बनाए हैं। यदि कोई अव्यवस्था है तो सुधार किया जाएगा।

**अशोक पांचाल,** सीएमओ खिलचीपुर।